हमारा यार है गिरधर | by Ankush Ji Maharaj

सब यार बनके देखे हम
नहीं कोई कभी भी हमारा हुआ
अब छोड़ चले जग की यारी
बस सांवरा यार हमारा हुआ

हमारा यार है गिरधर हमें औरों से क्या लेना
बतन है बेपनाह हममें हमें औरों से क्या लेना

ना बिछड़े वो पिया हमसे ना बिछड़े हम प्यारे से
मेरी नज़रों में आ जाओ तो फिर गैरों से क्या लेना
हमारा यार है माधव हमें औरों से क्या लेना

ना कोई अब बसे दिल में ना कोई अब रहे दिल में
तुम्ही तुम रूह में होंगे तो फिर औरों से क्या लेना
हमारा यार है माधव हमें औरों से क्या लेना

ना तुमको मैं कभी भूलूँ नामद में मैं कभू झूलूं
यही बस कामना पूरण तो फिर अंकुश को क्या लेना
हमारा यार है हम में हमें औरों से क्या लेना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%97%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%a7%e0%a4%b0-by-ankush-ji-maharaj/